पंजाब केसरी 19/03/2026

वेस्ट ऑडिट एवं वेस्ट सेग्रीगेशन गतिविधि का सफल आयोजन

वहीं, जी.एम.एन. कॉलेज में चल रहे टू वीक चैलेंज कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर वेस्ट ऑडिट एवं वेस्ट सेग्रीगेशन से संबंधित एक महत्वपूर्ण गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कचरे के सही प्रबंधन और उसके वैज्ञानिक निस्तारण के महत्व को समझा।

कचरे के सही प्रबंधन और उसके वैज्ञानिक निस्तारण का महत्व समझाते अध्यापक। (चंद्रमोहन)

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक डा. अमिता एवं यश्वी शर्मा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें वेस्ट मैनेजमैंट से जुड़े इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर कचरे के सही प्रबंधन के प्रति जागरूक हो जाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन संभव है।